हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

18/12/2023

नव मीडिया विभाग द्वारा विकसित भारत@2047 के विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विवि में विकसित भारत @ 2047 के अंतर्गत "भारत का ज्ञान विज्ञान और संस्कृति" विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल और डीन एकेडमिक डॉ प्रदीप कुमार के संरक्षण में नव मीडिया विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में न्यू मीडिया विभाग के शोधार्थी और छात्रों ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में पहला पुरस्कार नव मीडिया विभाग के स्नातकोत्तर (द्वितीय वर्ष) की छात्रा निहारिका सिंह को मिला। वहीं दूसरा पुरस्कार नव मीडिया विभाग के स्नातकोत्तर (द्वितीय वर्ष) के छात्र आदर्श चौधरी को मिला।

उक्त कार्यक्रम में नव मीडिया स्कूल के प्रतियोगिता संयोजक डॉ योगेश कुमार गुप्ता(सहायक प्रोफेसर) के साथ दीपक कुमार वैष्णव (सहायक प्रोफेसर)मौजूद रहे। बता दें कि विकसित भारत@2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस विजन में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलु शामिल हैं। इसकी को ध्यान में रखते हुए बच्चों से ऐसे सवाल किए जिससे उनके सोचने समझने की क्षमता में वृद्धि हो। भारत @ 2047 के तहत आगे भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।